कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 153/2026

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 22.04.2026

डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में आज दिनांक- 22.04.2026 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्न कार्यवाहियां की गयी।

प्रेस नोट, जनपद आजमगढ़
थाना– निजामाबाद

□साइबर फ्रॉड में ट्रांसफर हुए ₹20,000/- पुलिस की तत्परता से वापस कराए गए
□NCRP पोर्टल व त्वरित समन्वय से पीड़ित को मिली राहत, पुलिस ने जारी की सावधानियां

आजमगढ़। जनपद में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना निजामाबाद पुलिस की साइबर टीम द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए आवेदक के खाते से धोखाधड़ी के माध्यम से ट्रांसफर हुए ₹20,000/- की धनराशि सकुशल वापस कराई गई।

दिनांक 05.12.2025 को आवेदक विजय कुमार पुत्र रामधनी चौहान निवासी ग्राम मिठ्ठनपुरहादी अली थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ द्वारा शिकायत की गई कि उसके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से भूलवश ₹20,000/- की धनराशि ICICI बैंक के एक खाते में ट्रांसफर हो गई। जब आवेदक द्वारा संबंधित व्यक्ति से धनराशि वापस मांगी गई तो उसने देने से इंकार कर दिया। इस पर आवेदक द्वारा तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से शिकायत संख्या 33112250174899 दर्ज कराई गई।

शिकायत प्राप्त होने पर NCRP पोर्टल के माध्यम से जांच की गई, जिसमें धनराशि अहमदाबाद (गुजरात) स्थित ICICI बैंक के संबंधित खाते में पाई गई। तत्परता दिखाते हुए संबंधित खाते में ₹20,000/- की धनराशि होल्ड कराई गई। थानाध्यक्ष निजामाबाद श्री हिरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में थाना साइबर टीम प्रभारी उ0नि0 दिलीप आनन्द व टीम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आवेदक के माध्यम से माननीय न्यायालय से धनराशि वापसी हेतु आदेश प्राप्त कराया गया। तत्पश्चात संबंधित बैंक नोडल/प्रबंधक से समन्वय स्थापित कर दिनांक 21.04.2026 को आवेदक के खाते में संपूर्ण ₹20,000/- की धनराशि वापस कराई गई। धनराशि प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कैसे बचें (साइबर सुरक्षा के उपाय)–

- किसी भी अज्ञात व्यक्ति/खाते में धनराशि ट्रांसफर करने से पूर्व विवरण की भली-भांति जांच करें।
- गलती से धन ट्रांसफर होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।
- बैंक/OTP/पासवर्ड से संबंधित जानकारी किसी के साथ साझा न करें।
- संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर क्लिक करने से बचें।
- किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

साइबर टीम–

उ0नि0 दिलीप आनन्द, का0 राकेश यादव, का0 संदेश सिंह, म0आ0 रेनू देवी, थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़।

उत्तर प्रदेश पुलिस